प्रपत्र 11 (6)

# प्रतिवेदन

**कार्य का नामः—** **जनपद अल्मोड़ा में विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अन्तर्गत अल्मोड़ा—घाट मोटर मार्ग के किमी0 62.00 में तलेट से बिरकोला मोटर मार्ग (लम्बाई 10.00 किमी0) का निर्माण।**

जनपद अल्मोड़ा में अल्मोड़ा—घाट मोटर मार्ग के किमी0 62.00 में तलेट से बिरकोला तक विस्तार हेतु वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0— 5103 (1)/।।।(2)/11—14 (मा0मु0घो0)/11 दि0 26.09.2011 द्वारा 10.00 किमी0 हेतु रू0 126.00 लाख की प्राप्त है।

यह मोटर मार्ग अल्मोड़—घाट मोटर मार्ग के किमी0 62.00 के तलेट बैण्ड से प्रारम्भ होता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण होने से निम्नलिखित ग्रामों की जनसंख्या लाभान्वित होगी। इस मोटर मार्ग का मुख्य लक्ष्य स्थानीय जनता को यातायात की सुविधा से जोड़ना/उनके द्वारा उत्पादित फल एवं सब्जी को बाजार तक पहुॅचाना तथा इस क्षेत्र को विकास की ओर अग्रसर करना है।

प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण होने से निम्नलिखित ग्रामों की जनसंख्या लाभान्वित होगी।

| क0सं0 | ग्राम का नाम | जनसंख्या |
|---|---|---|
| 1 | भैसाड़ी | 753 |
| 2 | बिरकोला | 307 |
| | योग | **1060** |

यह समरेखन आरक्षित भूमि, सिविल बेनाप भूमि (राज्य भूमि), वन पंचायत भूमि से होकर गुजरता हैं तथा अन्य किसी भी श्रेणी की वनभूमि प्रभावित नहीं होती है। समरेखन अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नही पड़ता है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से आरक्षित भूमि 2.1375 है0 सिविल बेनाप भूमि 2.41375 है0 तथा वन पंचायत भूमि 0.4500 है0 प्रभावित होती है। कुल 5.00125 है0 वन भूमि प्रभावित होगी। उक्त प्रयोजनार्थ यह वन भूमि न्यूनतम भूमि है। मोटर मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर में ली गयी है। उक्त भूमि में मोटर मार्ग का निर्माण करने से पूर्व यह प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा रहा है। उक्त मोटर मार्ग का निर्माण किये जाने हेतु क्षेत्रीय जनता/ग्रामवासियों की सहमति प्राप्त है।

अतः प्रस्तावित आरक्षित भूमि, सिविल बेनाप भूमि (राज्य भूमि), वन पंचायत भूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृत करने की कृपा करें।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0विभाग
अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0विभाग
अल्मोड़ा